हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 26 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कल्पककम फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के चालू होने पर परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की ।

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मौजूदा जनगणना में पूर्ण भागीदारी की अपील की - कहा, नागरिकों की जानकारी गोपनीय रहेगी ।
- श्री मोदी ने बिजली बचाने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की जरूरत पर बल दिया।

- श्री मोदी ने अन्तराष्ट्रीय पनीर प्रतियोगिता में दो भारतीय पनीर ब्रांड को पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की ।

- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में बन रहे शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे ।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है।

आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह परमाणु सयंत्र पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बना है और ब्रीडर रिएक्टर बिजली उत्पादन के अलावा भविष्य के लिए ईंधन का नया विकल्प भी है।

श्री मोदी ने कहा कि देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब 56 गीगावाट से अधिक हो गई है। भारत पवन ऊर्जा के क्षेत्र में चौथे स्थान पर है। श्री मोदी ने कहा कि भारत के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा आवश्यक हैं तथा युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिजली बचाने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ वर्षों में देश में प्रकृति संरक्षण की सामने आई प्रेरणादायक कहानियों का जिक्र भी किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में काले हिरणों के पुन: प्रकट होने का उल्लेख भी किया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से मौजूदा जनगणना अभियान की जानकारी भी साझा की। श्री मोदी ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। श्री मोदी ने आश्वस्त किया कि नागरिकों की जानकारी गोपनीय रहेगी। प्रधानमंत्री ने आने वाली पहली मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज और प्रासंगिक हो गया है।

श्री मोदी ने Mगर्व व्यक्त किया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय पनीर प्रतियोगिता में दो भारतीय पनीर ब्रांडों को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने कहा कि भारत के डेयरी क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मन कि बात में गणतंत्र दिवस समारोह पर बीटिंग रिट्रीट का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विविध संगीत परंपराओं को प्रदर्शित करते विभिन्न बैंड में भारतीय संगीत का समावेश बढ़ा है ।

श्री मोदी ने कहा कि भविष्य में यह अन्य प्लेटफार्मों पर भी उपलब्ध होगा। उन्होंने लोगों से इस प्रदर्शन को सुनने और सशस्त्र बलों और उनकी परंपराओं पर गर्व करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने आज यह भी बताया कि भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ने 20 करोड़ से अधिक अमूल्य दस्तावेजों को डिजिटाइज़ करके सार्वजनिक किया है।

श्री मोदी ने श्रोताओं से भारत के इतिहास के अद्भुत अनुभव के लिए भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार की वेबसाईट पर जाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने इस महीने की शुरुआत में फ्रांस के बोर्डो में आयोजित यूरोपीय गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड में भाग लेने वाली और छठा स्थान प्राप्त करने वाली टीम की भी सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि देश 9 मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाएगा। श्री मोदी ने गुरुदेव टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने कई प्रतिष्ठित संस्थानों को आकार दिया। कार्यक्रम के अंत में श्री मोदी ने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपनी गर्मियों की छुट्टियों का भरपूर आनंद लें और कुछ नया सीखने का प्रयास करें। उन्होंने सभी से गर्मी के मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का भी आग्रह किया।

****

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद में अंबाला छावनी में बन रहे शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र करेंगे। आज 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के उल्लेख के अलावा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की।

****

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने आज जींद में लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के महत्वपूर्ण मुद्दों, उपलब्धियों और जनहित से जुड़े विषयों को सरल भाषा में जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

राजनीतिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. मिड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्डा सहित अन्य सांसदों के भाजपा में शामिल होने से यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी ही एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरकर सामने आई है।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कैथल में 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह कार्यक्रम हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। आज के कार्यक्रम में श्री मोदी ने अपने आत्मनिर्भर भारत के विजन को मजबूती देते हुए देश की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति को रेखांकित किया।

****